# PAVNA INDUSTRIES LIMITED

Registered Office: Vimlanchal, Hari Nagar, Aligarh, Uttar Pradesh – 202001
CIN-L34109UP1994PLC016359
Email: cs@pavnagroup.com; Website: www.pavna.in
Tel No.: +91 8006409332;

**February 16, 2025**

| | |
|---|---|
| BSE Limited,<br>New Trading Ring,<br>Rotunda Building, P.J. Towers,<br>Dalal Street, MUMBAI-400001<br>**Scrip Code: 543915** | The National Stock Exchange of India Ltd,<br>Exchange Plaza, Bandra-Kurla Complex,<br>Bandra (East),<br>MUMBAI-400 051<br>**Scrip Code: PAVNAIND** |

**ISIN-INE07S101020**

**Sub.: Board Meeting dated 14th February, 2025 – Newspaper Publication of Unaudited Financial Results for the quarter and Nine months ended 31st December, 2024.**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 w.r.t. Board Meeting held on 14th February, 2025, please find enclosed herewith, copy of the extract of unaudited Financial Results for the Quarter and Nine months ended 31st December, 2024 as published in English Newspaper (Financial Express) and Regional Language (Hindi) Newspaper (jansatta).

The same shall also been made available on the Company's website www.pavna.in.

This is for your information and record.

Yours faithfully

**For Pavna Industries Limited**

KANCHAN GUPTA
Digitally signed by KANCHAN GUPTA
Date: 2025.02.16 13:24:08 +05'30'

**Kanchan Gupta**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**M.No.A64223**

### अमेरिकी सीनेटर के तंज पर जयशंकर का पलटवार

# भारत 80 करोड़ लोगों को भोजन मुहैया कराने में समर्थ

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 फरवरी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक अमेरिकी सीनेटर को चुनौती देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक भारत 80 करोड़ लोगों को भोजन उपलब्ध कराने में समर्थ है। दरअसल, अमेरिकी सीनेटर एलिसा स्लोटकिन ने कहा कि लोकतंत्र 'मेज पर भोजन नहीं परोसता' है, लेकिन उनके इस बयान पर जयशंकर ने कहा कि भारत में ऐसा होता है।

जयशंकर जाहिर तौर पर म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में एक पैनल चर्चा में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) का जिक्र कर रहे थे, जहां उन्होंने सीनेटर एलिसा स्लोटकिन के बयान पर यह जवाब दिया। जयशंकर ने कहा, 'सीनेटर, आपने कहा कि लोकतंत्र आपकी मेज पर भोजन नहीं रखता है। वास्तव में दुनिया के मेरे हिस्से में, यह (लोकतंत्र) ऐसा करता है। आज, हम एक लोकतांत्रिक समाज हैं और हम 80 करोड़ लोगों को पोषण सहायता और भोजन उपलब्ध कराते हैं।' विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक समाज है, इसलिए यह 80 करोड़ लोगों को पोषण सहायता और भोजन उपलब्ध कराने में समर्थ है।



*दरअसल,* अमेरिकी सीनेटर एलिसा स्लोटकिन ने कहा कि लोकतंत्र 'मेज पर भोजन नहीं परोसता' है। जवाब में जयशंकर ने कहा कि हमारा लोकतांत्रिक समाज भोजन मुहैया कराता है।

म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) में शुक्रवार को 'एक और दिन वोट करने के लिए जियें: लोकतांत्रिक लचीलेपन को मजबूत करना' विषय पर आयोजित पैनल चर्चा के दौरान जयशंकर ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'यह इस बात पर निर्भर करता है कि वे कितने स्वस्थ हैं और उनका पेट कितना भरा हुआ है। इसलिए, मैं यह कहना चाहता हूं कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग तरह की बातचीत हो रही है। कृपया यह न समझें कि यह एक तरह की सार्वभौमिक घटना है, ऐसा नहीं है।' विदेश मंत्री ने कहा कि कुछ हिस्से ऐसे हैं, जहां यह अच्छी तरह से काम कर रहा है, लेकिन हो सकता है कि कुछ हिस्से ऐसे हों जहां यह ठीक से काम न कर रहा हो। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि लोगों को इस बारे में ईमानदारी से बातचीत करनी चाहिए कि ऐसा क्यों नहीं हो रहा है।' केंद्र सरकार एक जनवरी, 2023 से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत दो प्रकार के लाभार्थियों को पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है और फिर इसे एक जनवरी, 2024 से पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। दिसंबर 2024 तक के सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 80.67 करोड़ लोगों को दो श्रेणियों में मुफ्त खाद्यान्न मिलता है। अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के हर परिवार को प्रति माह 35 किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त मिलता है और प्राथमिकता वाले परिवारों (पीएचएच) के लाभार्थियों के मामले में हर व्यक्ति को प्रति माह पांच किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न मिलता है। मंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'एमएससी-2025 की शुरुआत 'एक और दिन वोट करने के लिए जियें: लोकतांत्रिक लचीलापन मजबूत करना' विषय पर पैनल चर्चा से हुई।

## महाकुंभ में त्रिजटा पर एक करोड़ से अधिक लोगों ने किया स्नान

नई दिल्ली, 15 फरवरी (ब्यूरो)।

महाकुंभ में शुक्रवार को 50 करोड़ से अधिक लोगों के गंगा और संगम में स्नान करने का रेकार्ड बनने के दूसरे दिन शनिवार को फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि पर एक करोड़ से अधिक लोगों ने यहां स्नान किया।

वहीं दूसरी ओर, त्रिजटा स्नान के साथ, माघ माह के कल्पवास में प्रथम साधक दंडी स्वामी संतों का भी महाकुंभ नगर से शनिवार को प्रस्थान हो गया। इससे पूर्व माघी पूर्णिमा के स्नान के साथ कल्पवासी और बसंत पंचमी के अमृत स्नान के बाद 13 अखाड़ों के साधु संत महाकुंभ मेले से प्रस्थान कर चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक, शनिवार को शाम आठ बजे तक कुल 1.36 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया तथा 13 जनवरी के बाद से अभी तक कुल 52.83 करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। सनातन धर्म के संरक्षक माने जाने वाले दंडी स्वामी संतों ने शनिवार को महाकुंभ में अपना अंतिम स्नान किया।

**प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक**
भारत सरकार का उपक्रम (प्रवर्तकः पंजाब नैशनल बैंक)
प्रधान कार्यालयः रामगंगा विहार, फेज-2, मुरादाबाद (उ.प्र.)

**क्षेत्रीय कार्यालयः गाजियाबाद**
18, संजय नगर, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, राजनगर, गाजियाबाद (उ0प्र0)
फोन- 0120-2986071
E-mail: rmgzb@prathamaupbank.com

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसैट्स एण्ड इन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्ट्रेस्ट एक्ट 2002 के अंतर्गत तथा सिक्योरिटी इंट्रेस्ट इन्फोर्समेंट रूल 2002 के साथ पढ़ते हुए अनुच्छेद 13 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रथमा यू. पी. ग्रामीण बैंक (पूर्वनाम सर्व यू0पी0 ग्रामीण बैंक, भारत सरकार राजपत्र अधिसूचना दिनांक 22.02.2019 के अंतर्गत दिनांक 01.04.2019 से प्रथमा बैंक के साथ समामेलन किया गया है) के प्राधिकृत अधिकारी ने संबन्धित ऋणी के नाम के सामने दर्शाए गए खाते के पदक नामों के सामने दी गई तारीखों पर नोटिस की तारीख उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि अदा करने के लिए मांग नोटिस जारी किया था। ऋणीयों द्वारा राशि अदा करने में असफल रहने पर ऋणीयों और जन-सामान्य को नोटिस दिया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी जिनका पद नाम नीचे दिया गया है ने खातों के सामने दी गई तारीखों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ते हुए उक्त अधिनियम को धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गई सम्पत्ति/सम्पत्तियों का SYMBOLIC कब्जा ले लिया है। ऋणीयों को विशेष रूप से एवं जन सामान्य को सामान्य रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि वे उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी प्रकार का लेन-देन न करें। इन सम्पत्तियों से किसी भी प्रकार का लेन-देन प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक को देय राशि एवं उस पर अर्जित ब्याज के चार्ज के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही किया जा सकता है।

| शाखा का नाम | ऋणी का नाम (सम्पत्ति स्वामी का नाम) | बंधक रखी गई सम्पत्तियों का विवरण | मांग/पजेशन चिपकाए गए नोटिस की तारीख | बकाया राशि व दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| साहिबाबाद गाजियाबाद | ऋणीः श्री अमित झा पुत्र श्री नागेंद्र झा (अब मृतक) अपने कानूनी उत्तराधिकारी को। 1. श्रीमती रूना झा पत्नी स्व. श्री अमित झा गारंटरः श्री नवीन कुमार झा पुत्र श्री नागेंद्र झा खाता नं. 9133NC00002564. | फ्लैट नंबर 291सी, ईडब्ल्यूएस, तृतीय तल, न्याय खंड-3, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, यूपी 201014, मालिक श्री अमित झा पुत्र श्री नागेंद्र झा, क्षेत्रफल 19.505 वर्ग मीटर, उक्त संपत्ति का टाइटल डीड 29.01.2016 को सब रजिस्ट्रार चतुर्थ गाजियाबाद में बही नंबर 1, जिल्द नं. 30976, पेज नं. 233 से 278, क्रमांक नंबर 1833 में पंजीकृत है। चौहद्दीः पूर्वः मकान नंबर 292सी, पश्चिमः 294सी, उत्तरः ब्लॉक, दक्षिणः मकान नंबर 290सी। | मांग नोटिस की तिथि 13.11.2024 पजेशन की तिथि 10.02.2025 | रू. 13,34,616 + देय ब्याज + देय अन्य खर्चे। |
| डूंडाहेड़ा | ऋणीः श्रीमती नूरजहाँ पत्नी श्री जाकिर हुसैन, सह-ऋणीः मो. शकिर पुत्र श्री जाकिर हुसैन गारंटरः श्री संजय कुमार पुत्र श्री भूपेन्द्र सिंह। खाता नं. 9132NC00003122. | मकान प्लॉट नं. 12, खसरा नं. 573, साईं गार्डन चिपियाना बुजुर्ग, तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर, मालिक श्रीमती नूरजहां पत्नी श्री जाकिर हुसैन, क्षेत्रफल 41.8 वर्ग मीटर, उक्त संपत्ति का टाइटल डीड सब रजिस्ट्रार दादरी में 12.03.2018 को बही नं. 1, जिल्द नं. 11550, पेज नं. 391 से 415, क्रं. नं. 4663 में पंजीकृत है, चौहद्दीः पूर्वः विक्रेता का प्लॉट (श्री राजवीर पुत्र श्री मानसिंह और श्री मनवीर पुत्र श्री मानसिंह), पश्चिमः अन्य का प्लॉट, उत्तरः अन्य का प्लॉट, दक्षिणः 18 फीट चौड़ा रास्ता। | मांग नोटिस की तिथि 28.08.2024 पजेशन की तिथि 13.02.2025 | रू. 10,64,417 + देय ब्याज + देय अन्य खर्चे। |
| मेरठ मैन | ऋणीः हसन अब्बास पुत्र आजाद अली, गारंटरः फिरोज अहमद पुत्र शकील अहमद, खाता नं. 9151NC00002823. | फ्लैट नं. एस-2, द्वितीय तल, प्लॉट नं. जीई/एन-211, ईरा गार्डेनिया एस्टेट, नूर नगर, मेरठ, क्षेत्रफल 62.70 वर्ग मीटर, उक्त संपत्ति का टाइटल डीड 19.02.2016 को सब रजिस्ट्रार तृतीय मेरठ में बही नंबर 1, जिल्द नं. 11103, पेज नं. 23 से 66, क्र.नं. 1993 में पंजीकृत है। चौहद्दीः पूर्वः ग्राउंड फ्लोर पर प्लॉट नं. एन210, पश्चिमः कॉमन पैसेज और सीढ़ियां और फ्लैट नं. एस-1, उत्तरः कॉमन पैसेज 18 मीटर चौड़ा और सड़क, दक्षिणः ग्राउंड फ्लोर पर प्लॉट नं. एन-216. | मांग नोटिस की तिथि 17.10.2024 पजेशन की तिथि 11.02.2025 | रू. 9,29,192.25 + देय ब्याज + देय अन्य खर्चे। |
| गोविंदपुरम गाजियाबाद | ऋणीः श्रीमती सुषमा पत्नी श्री विजय। सह-ऋणीः श्री सौरव मदान पुत्र श्री विजय गारंटरः श्री राजेंद्र कुमार पुत्र श्री छज्जो राम। खाता नं. 9166NC00003020 & 9166930003119. | आवासीय मकान नं. 35डी, खसरा नं. 837, गांव हरसांव, परगना डासना, जिला गाजियाबाद, क्षेत्रफल 60.44 वर्ग मीटर, मालिक श्रीमती सुष्मा रानी पत्नी विजय कुमार (बंधककर्ता), चौहद्दीः पूर्व- प्लॉट 35सी भुजा 41'6'', पश्चिम- प्लॉट 35ई भुजा 45'3'', उत्तर- विष्णु एन्क्लेव भुजा 15', दक्षिण- 7.5 मीटर चौड़ी सड़क भुजा 15', उक्त प्रोपर्टी के हक विलेख उप निबन्धक पंचम, गाजियाबाद के बही सं0 1, जिल्द सं0 3783 पृष्ठ सं0 155 से 178 क्र0 सं0 6509 दिनांक 22.07.2013 पर दर्ज है। मालिक सुष्मा रानी पत्नी विजय कुमार। | मांग नोटिस की तिथि 06.07.2024 पजेशन की तिथि 13.02.2025 | रू. 17,83,993 + देय ब्याज + देय अन्य खर्चे। |
| इंदिरापुरम गाजियाबाद | उधारकर्ताः श्रीमती दीपा चौधरी पत्नी श्री सुरेंद्र कुमार। गारंटरः श्री रमेश गुप्ता पुत्र श्री बाबू लाल गुप्ता खाता नं. 9134NC00002534 & 9134930000637. | आवासीय फ्लैट संख्या आवासीय फ्लैट ई-14/5, ईडब्ल्यूएस, भूतल, मधुबन बापूधाम, गोविंदपुरम, गाजियाबाद - 201013, मालिक श्रीमती दीपा चौधरी पत्नी श्री सुरेंद्र कुमार, क्षेत्रफल 29.70 वर्ग मीटर। उक्त संपत्ति का हक विलेख उप निबन्धक द्वितीय, बही नंबर 1, जिल्द नंबर 8730, पेज नंबर 169-214, क्रं. नं. 10275, दिनांक 14.08.2014 में पंजीकृत है। चौहद्दीः पूर्वः फ्लैट नंबर 04, पश्चिमः फ्लैट नंबर 08, उत्तरः सड़क 30 फीट चौड़ी, दक्षिणः फ्लैट नंबर 06. | मांग नोटिस की तिथि 05.09.2024 पजेशन की तिथि 14.02.2025 | रू. 10,38,361 + देय ब्याज + देय अन्य खर्चे। |
| बागपत | उधारकर्ताः श्रीमती सरोज पत्नी भोपाल। श्री अर्जुन पुत्र भोपाल। गारंटरः श्री कुलदीप पुत्र चमन सिंह और श्रीमती प्रमोद कुमार पुत्र सीता राम। खाता नं. 92429300000093 | आवासीय मकान हमीदाबाद उर्फ नयागांव, जिला बागपत, मालिक श्रीमती सरोज पत्नी भोपाल, क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मीटर। उक्त संपत्ति का हक विलेख उप निबन्धक बागपत, बही नंबर 1, जिल्द नंबर 4225, पेज नंबर 143-160, क्रं. नं. 1004, दिनांक 09.02.2011 में पंजीकृत है। चौहद्दीः पूर्वः श्री मनोज का प्लॉट, पश्चिमः श्रीमती अत्री का मकान, उत्तरः रास्ता 14 फीट चौड़ी, दक्षिणः श्री करेशान का प्लॉट। | मांग नोटिस की तिथि 27.11.2024 पजेशन की तिथि 14.02.2025 | रू. 4,26,704.31 + देय ब्याज + देय अन्य खर्चे। |

दिनांकः 16.02.2025 — प्राधिकृत अधिकारी, प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक।

### रेलवे बोर्ड ने कहा, यात्रियों की शिकायतों की निगरानी के लिए

# सभी जोन, मंडलों में 'वार रूम' होने चाहिए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 फरवरी।

रेलवे बोर्ड ने सभी जोन और मंडलों को पर्याप्त अधिकारियों के साथ 'वार रूम' बनाने को कहा है, ताकि 'रेल-मदद' के माध्यम से प्राप्त यात्रियों की शिकायतों की सक्रियता से निगरानी और समाधान किया जा सके। शिकायत निवारण तंत्र, 'रेल-मदद' एक एकीकृत शिकायत-समाधान पहल है, जिसके तहत यात्री 139 नंबर पर काल करके या रेलवे के संबद्ध एप्लिकेशन (ऐप) या पोर्टल का उपयोग कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं या सुझाव दे सकते हैं।

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने हाल ही में मंडलों के निरीक्षण दौरे पर पाया कि उनमें से कई में उपयुक्त 'वार रूम' उपलब्ध नहीं है। मंडल नियंत्रण कार्यालय में शिकायत निवारण तंत्र की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए रेलवे बोर्ड ने विभिन्न जोन और मंडलों को भेजे अपने पत्र में कहा कि सभी मंडलों और जोन में रेल-मदद के जरिये मिलने वाली शिकायतों की सक्रिय निगरानी के लिए एक वार रूम होना चाहिए।

रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि कुमार ने कुछ मंडलों का निरीक्षण किया, जिसका उद्देश्य 'वार रूम' की वर्तमान स्थिति का पता लगाना और आवश्यक पहल के साथ उन्हें मजबूत करने के तरीके सुझाना था।

**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**
क्षेत्रीय कार्यालय, एन सी आर दिल्ली
एन एच पी सी कॉम्पलेक्स सेक्टर -33 फरीदाबाद, हरियाणा - 121003 फोन: 0129-2250540

**पुराने वाहनों की बिक्री**

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय फरीदाबाद पुराने वाहनों के निपटान के लिए सीलबंद आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्रम. नं | मेक | मॉडल | रजिस्ट्रेशन नंबर | खरीद की तिथि | आरक्षित कीमत (रूपये में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मारूति स्विफ्ट VXI | 2011 | UP 16-AE-5538 | 01.08.2011 | 77,500/- |
| 2. | मारूति स्विफ्ट VXI | 2011 | UP 14-BK-8840 | 21.07.2011 | 75,000/- |
| 3. | मारूति SX-4 ZXI MT | 2013 | DL12-CH-0395 | 09.08.2013 | 1,07,500/- |

(** H1 बिक्री मूल्य पर क्रम. नं. 2 तक 12% GST अतिरिक्त तथा क्रम. नं. 3 पर 18% )
"जैसा है, जहाँ है" के आधार पर, वाहन की निरीक्षण उपर्युक्त पते पर 17.02.2025 से 09.03.2025, 11:00 बजे से 17:00 बजे (केवल कार्य दिवसों) के दौरान किया जा सकता है।
निर्धारित आवेदन पत्र उपर्युक्त पते से प्राप्त किया जा सकता है या बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है और इसे ईएमडी और आवेदन शुल्क के लिए डिमांड ड्राफ्ट के साथ उपर्युक्त पते पर 09.03.2025, 17:00 बजे तक जमा किया जाना चाहिए। वाहन मॉडल, ईएमडी राशि, नियम और शर्तें आदि जैसे विवरणों के लिए निविदा अनुभाग के अंतर्गत हमारी वेबसाइट www.iob.in पर जाएँ।
क्रेता के नाम पर आरसी हस्तांतरित होने के बाद प्रक्रिया के अनुसार वाहनों को सफल बोली लगाने वाले को सौप दिय जाएगा।
बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
16.02.2025 — मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक

## शानदार खेल सुविधाओं का इस्तेमाल प्रतिभाओं को निखारने में हो : धामी

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून 15 फरवरी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए कहा है कि अब हमें 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी में जुटना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार किए गए खेल ढांचे के भी दीर्घकालिक इस्तेमाल की योजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के जरिए उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में शानदार खेल ढांचा उपलब्ध हो गया है। इसका इस्तेमाल खेल प्रतिभाओं को निखारने में किया जाएगा।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड को आयोजन के साथ ही खेल प्रदर्शन को लेकर शानदार यादें देकर गए हैं। उत्तराखंड की मेजबानी को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। उत्तराखंड ने इस आयोजन के जरिए लंबी लकीर खींचने का काम किया है। इसी तरह उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने भी अपने शानदार प्रदर्शन से इस आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमें मेघालय में प्रस्तावित 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी में जुटना होगा, इसके लिए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों से लेकर विभाग को प्रयास करने होंगे। सरकार इस काम में पूरा सहयोग देगी।

### महाराष्ट्र : अदालत ने एकता कपूर के खिलाफ शिकायत में पुलिस जांच के आदेश दिए

मुंबई की एक अदालत ने शनिवार को शहर पुलिस को फिल्म एवं टेलीविजन धारावाहिक निर्माता एकता कपूर के खिलाफ उनकी एक वेब सीरीज में भारतीय सैनिकों का कथित रूप से अपमान करने के लिए दर्ज एक आपराधिक शिकायत की जांच करने का निर्देश दिया।

**पंजाब नैशनल बैंक** .......भरोसे का प्रतीक

मण्डल शस्त्रा केन्द्र दिल्ली, पॉकेट -ई मयूर विहार, फेज-II, दिल्ली-110091

**शुद्धिपत्र**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी नोटिस अर्थात अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए नोटिस 01.02.2025 को अंग्रेजी समाचार पत्र- 'फाइनेंशियल एक्सप्रेस' (पेज नंबर 19) और हिंदी समाचार पत्र- 'जनसत्ता' (पेज नंबर 17) में क्रमांक 1 और 2 (ऋण खाता मेसर्स श्री पारस सैनिटरी एंड पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड) में अब बिक्री के लिए उपलब्ध नही है। इन संपत्ति को बैंक द्वारा 17.02.2025 को होने वाली ई-नीलामी प्रक्रिया से वापस ले लिया गया है।
शेष ई-नीलामी नोटिस वही रहेगा।

दिनांकः 15.02.2025 स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

## नांदेड़ गोलीबारी मामले में जांच महाराष्ट्र एटीएस को

नई दिल्ली, 15 फरवरी (ब्यूरो)।

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में गोलीबारी की घटना की जांच स्थानीय पुलिस से महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) को सौंप दी गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह घटना 10 फरवरी को नांदेड़ के शाहिदपुरा में सचखंड गुरुद्वारा के पास हुई थी। अधिकारी ने बताया, 'एक अज्ञात व्यक्ति ने गुरमीत सिंह सेवादार और उसके रिश्तेदार रविंद्र सिंह राठौर पर गोली चलाई, जब दोनों स्कूटर पर जा रहे थे। सेवादार नासिक सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और पैरोल पर बाहर था।'

उन्होंने बताया, 'राठौड़ की मौत हो गई, जबकि सेवादार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**
**Central Bank of India**
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

शाखा कार्यालयः कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006

**कब्जा सूचना** (चल/अचल सम्पत्ति के लिए)
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के तहत

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अंतर्गत **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कश्मीरी गेट शाखा दिल्ली** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 (2002 का 54) एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना दिनांक **30/11/2024** जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदारः मैसर्स संतोष प्लास्टिक एवं उसके मालिक हर्ष चानना,** को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.2,08,40,967/- (दो करोड़ आठ लाख चालीस हजार नौ सौ सड़सठ रूपये मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण कर्जदार तथा आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित **सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 14/02/2025** को ले लिया है।
**कर्जदार** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन **रु.2,08,40,967/- (दो करोड़ आठ लाख चालीस हजार नौ सौ सड़सठ रूपये मात्र)** और उस पर ब्याज के साथ **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कश्मीरी गेट शाखा दिल्ली** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।
**कर्जदार का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद 13 के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।**

**अचल सम्पत्ति का विवरण**
सम्पत्ति के वह सभी भाग एवं हिस्से जिसमें स्थित सम्पत्ति शामिल है:
सम्पत्ति का विवरण:
स्टॉक और बही ऋण

स्थानः दिल्ली — (प्राधिकृत अधिकारी),
तिथिः 14/02/2025 — सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

**PAVNA INDUSTRIES LIMITED**
Regd Office : Vimlanchal, Hari Nagar, Aligarh, Uttar Pradesh - 202001
Email: cs@pavnagroup.com; Website: www.pavna.in; Mb.no.+91-8006409332
CIN : L34109UP1994PLC016359

**Extract of Statement of Unaudited Standalone Financial Results for the Quarter and nine months ended December 31, 2024 and Unaudited Consolidated Financial results for the Quarter and nine months ended December 31, 2024**

(Rs.In Lakhs)

| S.no. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended | | | Nine Month Ended | | Year Ended | Quarter ended | | | Nine Month Ended | | Year Ended |
| | | 31.12.2024 | 30.09.2024 | 31.12.2023 | 31.12.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2024 | 31.12.2024 | 30.09.2024 | 31.12.2023 | 31.12.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2024 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total revenues | 7,663.12 | 7,954.33 | 7,176.50 | 23,317.46 | 20,939.66 | 28,307.48 | 8,015.83 | 8,387.29 | 7,997.00 | 24,304.06 | 23,821.13 | 31,987.32 |
| 2 | Total Expenses | 7,548.90 | 7,490.97 | 7,055.21 | 22,441.83 | 20,174.51 | 27,260.09 | 7,919.86 | 7,919.82 | 7,725.80 | 23,447.17 | 22,644.68 | 30,416.34 |
| 3 | Profit/(Loss) before share of Proft/(loss) of associates,exceptional items and tax | 114.22 | 463.36 | 121.29 | 875.64 | 765.15 | 1,047.38 | 95.97 | 467.47 | 271.20 | 856.89 | 1,176.45 | 1,570.98 |
| 4 | Profit/ (Loss) before share of Proft/(loss) of associates and Tax | 114.22 | 463.36 | 121.29 | 875.64 | 765.15 | 1,047.38 | 95.97 | 467.47 | 271.20 | 856.89 | 1,176.45 | 1,570.98 |
| 5 | Profit/(Loss) for the period | 98.26 | 337.89 | 93.87 | 662.08 | 569.39 | 777.50 | 75.98 | 333.61 | 220.33 | 622.64 | 907.33 | 1,200.41 |
| 6 | Profit/(Loss) for the period after share of Profit/(Loss) of associates | 98.26 | 337.89 | 93.87 | 662.08 | 569.39 | 777.50 | 75.98 | 333.61 | 220.33 | 622.64 | 907.33 | 1,200.41 |
| 7 | Total Comprehensive Income for the period/Year | 98.26 | 348.33 | 93.87 | 673.48 | 573.84 | 783.85 | 75.98 | 348.21 | 220.33 | 638.46 | 915.65 | 1,214.46 |
| 8 | Paid up Equity share capital (Face Value of Rs.10 per share) | 1,218.08 | 1,218.08 | 1,218.08 | 1,218.08 | 1,218.08 | 1,218.08 | 1,218.08 | 1,218.08 | 1,218.08 | 1,218.08 | 1,218.08 | 1,218.08 |
| 9 | Earnings per Equity Share | | | | | | | | | | | | |
| | (1) Basic | 0.81 | 2.77 | 0.77 | 5.44 | 4.67 | 6.38 | 0.57 | 2.25 | 1.43 | 4.66 | 6.47 | 8.67 |
| | (2) Diluted | 0.81 | 2.77 | 0.77 | 5.44 | 4.67 | 6.38 | 0.57 | 2.25 | 1.43 | 4.66 | 6.47 | 8.67 |

Notes:
1.The above standalone unaudited financial results for the quarter and Nine months ended December 31, 2024 and unaudited consolidated financial results for the quarter and Nine months ended December 31, 2024 were reviewed and recommended by the Audit Committee on February 14, 2025 and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on February 14, 2025. Limited Review Report for the financial results for the quarter and Nine months ended December 31, 2024 as required under regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations, 2015 has been carried out by the Statutory Auditors of the Company. The full format of the financial results are available on the Company's website (www.pavna.in) and stock exchange website (www.bseindia.com & www.nseindia.com) and can also be assessed by scanning the following Quick Response code.

Date: 14.02.2025
Place: Aligarh

Sd/
Swapnil Jain
Managing Director
DIN:01542555